# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:04 AUGUST. 2025

# विश्वविद्यालय परिसर में एनएफएल अधिकारियों ने किया पौधारोपण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, में कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी की पहल पर संचालित पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत आज नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल), विजयपुर इकाई के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर कुलगुरु तिवारी, निदेशक रेडियो डॉ. आशीष जोशी, मुख्य प्रबंधक (कॉरपोरेट संचार) विक्रम रावत, मुख्य प्रबंधक (वित्त), विजयपुर यूनिट पंकज कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, भोपाल अशोक खाखा, सहायक कुलसचिव (अकादमिक) गिरीश जोशी, तथा प्रबंधक, रेडियो कर्मवीर डॉ. परेश उपाध्याय उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एनएफएल एवं रेडियो कर्मवीर के संभावित सहयोग से किसानों के लिए मिट्टी की उर्वरता और उपज बढ़ाने संबंधी प्रायोजित रेडियो कार्यक्रमों के निर्माण एवं प्रसारण के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया गया।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'DOPAHAR METRO'04 AUGUST 2025

# एमसीयू में 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर 14 तक होंगे प्रवेश

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि (एमसीयू) के विभिन्न स्नातक (यूजी) एवं स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों की सभी सीट अभी तक नहीं भरा सकी है। इस कारण अब विश्वविद्यालय ने 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक विद्यार्थी 14 अगस्त की रात 12 बजे तक एमपी आनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

यूजी स्तर के 12 से ज्यादा पाठ्यक्रम में सीट खाली हैं। इनमें इलेक्ट्रानिक मीडिया, मल्टीमीडिया, ग्राफिक्स एंड एनीमेशन, फिल्म एंड कम्युनिकेशन स्टडीज और मीडिया रिसर्च में बीएससी, प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग में बीटेक, एडवरटाइजिंग एंड पब्लिक रिलेशंस, जर्नलिज्म एंड क्रिएटिव राइटिंग, इंग्लिश जर्नलिज्म, हिंदी भाषा तकनीक एवं अनुवाद में बीए, बीसीए, बीबीए (ई-कामर्स) और बीकाम (मैनेजमेंट) आदि पाठ्यक्रमों में विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने इंजीनियरिंग की किसी भी संकाय में डिप्लोमा किया हो, वे बीटेक (प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग) में प्रवेश ले सकते हैं।

### पीजी पाठ्यक्रम में भी सीटें खाली

पीजी स्तर के पाठ्यक्रम में न्यू मीडिया और मीडिया रिसर्च में एमएससी और मीडिया बिजनेस मैनेजमेंट में एमबीए और एमसीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी आवेदन आमंत्रित हैं। लाइब्रेरी एवं इनफार्मेशन साइंस के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'NAVDUNIYA'04 AUGUST.2025